प्रसार भारती/Prasar Bharati
(भारत का लोक सेवा प्रसारक / India's Public Service Broadcaster)
प्रसार भारती सचिवालय/ Prasar Bharati Secretariat

प्रसार भारती हाउस,
कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस,
नई दिल्ली- 110001

सं.ओ-01/011/13/2020-राजभाषा

दिनांक: 11 सितंबर, 2020

विषय: प्रसार भारती सचिवालय में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन।

दिनांक 14.09.2020 (सोमवार) को पूर्वाह्न 11.30 बजे प्रसार भारतीय सचिवालय के द्वितीय तल, सम्मेलन कक्ष में हिंदी दिवस का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में सामूहिक रूप से (प्रसार भारती सचिवालय, आकाशवाणी महानिदेशालय एवं दूरदर्शन महानिदेशालय) आयोजित किया जा रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रसार भारती द्वारा नामित बिलकुल सीमित संख्या में ही अधिकारी व्यक्तिगत रूप से भाग ले सकेंगे।

हिंदी दिवस समारोह के आयोजन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा वेबकॉस्ट किया जाएगा, जिसमें अन्य अधिकारी / कर्मचारी वेबकॉस्ट के माध्यम से भाग ले सकते हैं।

"हिंदी दिवस" के उपलक्ष्य में मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जारी अपील कृपया संलग्न है।

संलग्न: <u>उपर्युक्त</u>

11/9/2020

(अनिल श्रीवास्तव)
अपर महानिदेशक (बजट, लेखा एवं राजभाषा)

सेवा में,

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी के स्टाफ़ अधिकारी।
2. सदस्य (वित्त) के निजी सचिव।
3. सभी अपर महानिदेशक, प्रसार भारती सचिवालय के निजी सचिव।
4. सभी उप महानिदेशक, प्रसार भारती सचिवालय के निजी सचिव।
5. सभी निदेशक, प्रसार भारती सचिवालय के निजी सचिव।
6. सभी उप निदेशक, सहायक निदेशक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी प्रसार भारती सचिवालय।
7. सभी अनुभाग अधिकारी, आहरण एवं संवित्तरण अधिकारी, कार्यक्रम निष्पादक, प्रसार भारती सचिवालय।
8. आतिथ्य अधिकारी, प्रसार भारती सचिवालय।

शशि शेखर वेम्पटि
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

सत्यमेव जयते

प्रसार भारती | PRASAR BHARATI

Shashi Shekhar Vempati
Chief Executive Officer

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस (14 सितंबर, 2020) के अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि आप जानते हैं भारतीय संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को 'हिंदी' को भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया था। 26 जनवरी, 1950 को लागू भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार यह प्रावधान किया गया है कि संघ सरकार की राजभाषा 'हिंदी' एवं लिपि 'देवनागरी' होगी।

हिंदी एक ऐसी भाषा है, जिसमें भारतीय जनमानस की संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सामर्थ्य है। हिंदी ने अपनी मौलिकता, सरलता एवं सुबोधता के बल पर ही भारतीय संस्कृति और साहित्य को जीवंत बनाए रखा है। हिंदी ने ही संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोकर अनेकता मे एकता की भावना को आम जनता में निरंतर जागृत रखा है। यह भाषा पूर्णतः वैज्ञानिक है तथा इसकी अपनी मानक शब्दावली, व्याकरण और शैली है।

हिंदी भाषा के कार्यान्वयन में और प्रचार-प्रसार में प्रसार भारती सदैव तत्पर रहा है। आकाशवाणी और दूरदर्शन ने जन-जन तक हिंदी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेरा आपसे अनुरोध है कि सभी केंद्रों / कार्यालयों में सरकारी कामकाज में सरल एवं सहज हिंदी का प्रयोग करें ताकि यह सभी के लिए बोधगम्य हो।

मैं, प्रसार भारती सचिवालय, आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील करता हूं कि संघ की राजभाषा नीति एवं अनुदेशों का अनुपालन उसी प्रकार दृढ़तापूर्वक करें, जिस प्रकार अन्य सरकारी अनुदेशों का अनुपालन किया जाता है। ई-ऑफिस में भी कम्प्यूटर पर हिंदी में कामकाज को बढ़ावा दें।

आइए, हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूर्ण उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगे।

जय हिंद!

(शशि शेखर वेम्पटि)